Bhagirathi bal shiksha sadan

# CLASS-6 AND 7
# CHAPTERS 1-
# भाषा ,लिपि और व्याकरण

भाषा क्या होती है :-
हमारे भावों और विचारों की अभिव्यक्ति के लिए रूढ़ अर्थों में जो ध्वनि संकेतों की व्यवस्था प्रयोग में लायी जाती है उसे भाषा कहते हैं। अथार्त जब हम अपने विचारों को लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं और दूसरों के विचारों को सुनकर या पढकर ग्रहण करते हैं उसे भाषा कहते हैं।

मनुष्य एक समाज में रहने वाला प्राणी है। वह अपने विचारों , भावनाओं को बोलकर ही व्यक्त करता है। भाषा को ध्वनि संकेतों की व्यवस्था माना जाता है। यह मनुष्य के मुंह से निकली हुई अभिव्यक्ति होती है | इसे विचारों के आदान प्रदान का एक आसान साधन माना जाता हैं | इसके शब्द प्राय: रूढ़ होते हैं।



Scanned with CamScanner




भाषा के भेद :-

1. लिखित भाषा
2. मौखिक भाषा

**1. लिखित भाषा क्या होती है :-**

जब हम दूर बैठे किसी व्यक्ति से अपनी बातें लिखकर व्यक्त करते हैं तो उसे लिखित भाषा कहते हैं। यह भाषा का स्थायी रूप होता है। ये लिपि पर आधारित होती हैं। इससे अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखा जा सकता है।



**2. मौखिक भाषा क्या होती है :-**

जब हम अपने विचारों को बोलकर या सुनकर व्यक्त करते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं इसमें दो व्यक्तियों के बीच में बात हो रही हो और तीसरा भाषण से अपने विचारों को बताये तब मौखिक भाषा का ही प्रयोग होता है। मौखिक भाषा का सबसे अधिक प्रयोग नाटकों में होता है।

Scanned with CamScanner



भाषा के भेद:-
1. मातृभाषा
2. राजभाषा
3. राष्ट्रभाषा
4. मानक भाषा

1. मातृभाषा क्या होती है:-
जिस भाषा को बालक बचपन में अपनी माँ से सीखता है उसे मातृभाषा कहते हैं।

2. राजभाषा क्या होती है:–
जब किसी देश में सरकारी काम में भाषा का प्रयोग होता है उसे राजभाषा कहते हैं अंग्रेजी हमारी सह राजभाषा है।

3. राष्ट्रभाषा क्या होती है:-
भारत में अनेक भाषाएँ बोली, पढ़ी, लिखी, सुनी जाती हैं। सब प्रदेशों की अपनी अलग भाषा होती है। भारतीय संविधान ने 22 भाषाओं को स्वीकार किया है – संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, असमिया, पंजाबी, नेपाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, गुजराती, बांग्ला, उड़िया, कश्मीरी, कोंकणी, मणिपुर, मराठी, मलयालम, मैथिलि, डोंगरी, बोडो,

Scanned with CamScanner



. मानक भाषा क्या होती है:- मानक हिंदी हिंदी भाषा का ही मानक रूप होता है इसे शिक्षा, कार्यालयीन कामों में प्रयोग किया जाता है। हम जानते हैं की भाषा का क्षेत्र काल और पात्र की दृष्टि से व्यापक होता है। सभी भाषाओं के विविध रूप को मानक कहते हैं।

भाषा और बोली क्या होती है :-

छोटे भूभाग में बोली जाने वाली भाषा को बोली कहते हैं। बोली को भाषा का प्रारंभिक रूप माना जाता है बोली भाषा का स्थानीय रूप होती है। हम जानते हैं कि हर दस किलोमीटर के बाद बोली बदल जाती है। बोली पहले तो उपभाषा बनती है फिर भाषा में बदलती है। भाषा व्याकरणिक नियमों से बंधी होती है लेकिन बोली स्वतंत्र होती है।

Scanned with CamScanner

बोली को लिख नहीं सकते इसलिए इसका साहित्य मौखिक होता है लेकिन भाषा को लिखा जा सकता है इसलिए इसका साहित्य लिखित होता है। जब कोई बोली विकसित होती है तो वह साहित्य की भाषा का रूप ले लेती है। हम जानते हैं कि जब कोई भाषा परिनिष्ठित होकर साहित्य की भाषा के पद पर आसीन हो जाती है तो उसकी लोकभाषा की उपस्थिति जरूरी होती है।

जैसे :- पूर्वी उत्तर प्रदेश की बोली अवधी है, बिहार की भोजपुरी और मैथिलि, हरियाणा में हरियाणवी और बांगड़ू, राजस्थान में राजस्थानी, मारवाड़ी और गुजराती बोली बोली जाती है।



Scanned with CamScanner

## व्याकरण के अंग:-

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. पद विचार
4. वाक्य विचार

1. वर्ण विचार:- इस विचार में वर्णों के उच्चारण, रूप, आकार, भेद, वर्णों को मिलाने की विधि, लिखने की विधि बताई जाती है।

2. शब्द विचार:- इस विचार में शब्दों के भेद, व्युत्पत्ति, रचना, रूप, प्रयोगों, उत्पत्ति आदि का अध्ययन करवाया जाता है।

3. पद विचार:- इस विचार में पद का तथा पद के भेदों का वर्णन किया जाता है।

4. वाक्य विचार:- इस विचार में वाक्यों की रचना, उनके भेद, वाक्य बनाने, वाक्यों को अलग करने, विराम चिन्हों, पद परिचय, वाक्य निर्माण, गठन, प्रयोग, उनके प्रकार आदि का अध्ययन करवाया जाता है।

Scanned with CamScanner

1. भाषा किसे कहते हैं? मनुष्य को भाषा की आवश्यकता क्यों पड़ी?
2. भाषा के मुख्य रूप कौन-कौन से हैं?
3. भाषा और बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए।
4. मातृभाषा और राष्ट्रभाषा में क्या अंतर है?
5. व्याकरण किसे कहते हैं? इसके मुख्य अंगों के नाम लिखिए।
6. **निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

वर्ण | शब्दों | लिखित | लिपि | सांकेतिक

(क) अपने मन के विचारों को लिखकर प्रकट करने को ........................ भाषा कहते हैं।
(ख) जब व्यक्ति संकेतों द्वारा अपने विचारों को समझाता है, तो इसे ........................ भाषा कहा जाता है।
(ग) भाषा की सबसे छोटी इकाई ........................ है।
(घ) वाक्य ........................ से बनते हैं।
(ङ) भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों को ........................ कहते हैं।

7. **भारत के निम्नलिखित प्रदेशों में कौन-कौन सी बोलियाँ बोली जाती हैं?**

(क) बिहार ................................ (च) हरियाणा ................................
(ख) केरल ................................ (छ) राजस्थान ................................
(ग) गुजरात ................................ (ज) कर्नाटक ................................
(घ) उत्तर प्रदेश ................................ (झ) कश्मीर ................................
(ङ) पश्चिम बंगाल ................................ (ञ) तमिलनाडु ................................

Scanned with CamScanner